तकनीकी विवि में पढ़ाई के साथ आमदनी भी होगी

- तकनीकी विवि ने शुरू की योजना
- छात्रों को मिलेगा जॉब करने का मौका

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी यूटीयू और संबद्ध संस्थानों के छात्रों को अब पढ़ाई के साथ कमाई भी कर सकेंगे। उन्हें विवि या संस्थान में ही पार्ट टाइम नौकरी का मौका मिलेगा। विवि ने इसके लिए अर्न व्हाइल लर्न योजना शुरू की है।

विवि के कुलपति डा. ओंकार सिंह ने बताया कि योजना के तहत छात्र लाइब्रेरी में कैटालॉगिंग, व्यवस्था, किताबों को लगाना, लाइब्रेरी से किताबें निर्गत और प्राप्त करना, कार्यालयी प्रशासन में सहायता के रूप में डाटा तैयार करना, डाटा फीडिंग, टाईपिंग, चेकिंग, स्कैनिंग, प्रिंटिंग, फिलिंग वर्क, परीक्षा अनुभाग संबंधी कार्य, सॉफ्टवेयर तैयार करना, सोशल मीडिया, विवि एवं संस्थान के लिए विभिन्न ऐप्लिकेशन्स में सॉफ्टवेयर मॉड्यूल्स में डिजिटल कन्टैंट तैयार करना, लैब (केवल स्नातकोत्तर व पीएचडी शोधार्थियो के लिए) का कार्य कर सकेंगे। कुलपति ने बताया, विवि के पूर्व छात्र जो यूटीयू एल्युमिनी एसोसिएशन के सदस्य होंगे, उन्हीं में से विवि की ओर से निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्व छात्रों की स्वेच्छा से काउंसिलर नामित होंगे। योजना के तहत काम करने वाले छात्रों के लिए विवि की ओर से मेहनताना तय कर लिया गया है। कुलपति ने बताया, सॉफ्टवेयर डेवलॉपिंग के लिए 250 रुपये प्रति घंटा एवं एक दिन में अधिकतम तीन घंटा तय किए हैं।